भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5513

(दिनांक 26.07.2019 को उत्तर देने के लिए)

फिल्म सिटी/विश्वविद्यालय की स्थापना

5513. श्री कौशल किशोरः
श्री बल्ली दुर्गा प्रसाद रॉवः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार फिल्म शूटिंग और उसके विपणन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के लखनऊ/बनारस और आंध्र प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में कोई फिल्म सिटी/विश्वविद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो इसमें हुए व्यय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार को लखनऊ और बनारस जिलों को फिल्म उद्योग के साथ जोड़ने के लिए कोई ऐसा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर संबंधित सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) क्या सरकारी निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से फिल्म सिटी अथवा फिल्म विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए कोई परामर्श आरंभ किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री

(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): जी, नहीं। भारत सरकार का देश के किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में फिल्म सिटी बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****